DRI नशीले पदार्थों के सरगनाओं को पकड़ें

स्कूल-कॉलेजों के लिए खतरा: वित्त मंत्री सीतारमण

■ दिल्ली, नवभारत न्यूज नेटवर्क. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राजस्व आसूचना अधिकारियों से राज्य और केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय बनाने और तस्करी गिरोहों के सरगनाओं को पकड़ने के लिए 'कार्रवाई लायक खुफिया जानकारी' पर तेजी से काम करने को कहा. सीतारमण ने नशीले पदार्थों को 'सबसे बड़ा खतरा' बताते हुए कहा कि स्कूल एवं कॉलेज इन नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के 'पहले शिकार' हैं. उन्होंने राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) से इस पर लगाम लगाने और राज्य पुलिस के साथ समन्वय बनाने के लिए कहा. वित्त मंत्री ने डीआरआई के नए मुख्यालय भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि हमें खतरे के आकार और दायरे के बारे में अधिक समन्वय एवं अधिक समझ की जरूरत है. उन्होंने डीआरआई अधिकारियों से तस्करी मामलों की 'समग्र रूप से' जांच करने और बड़ी तस्वीर को ध्यान में रखने के लिए कहा ताकि सिर्फ अलग-अलग उल्लंघनों को ही पड़ताल न की जाए. सीतारमण ने प्रवर्तन अधिकारियों से कहा कि किसी इकाई, किसी व्यक्ति और उनके व्यवहार के तरीकों पर उपलब्ध सभी सूचनाओं और डेटा का लाभ उठाएं, ताकि छिपे हुए बिंदुओं को जोड़कर गहन प्रणालीगत जोखिमों और खतरों को उजागर किया जा सके. पूरे नेटवर्क और सिंडिकेट को खत्म करने का लक्ष्य होना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि डीआरआई को 'अधिक जागरूकता और अधिक कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी' की जरूरत है. उन्होंने प्रवर्तन एजेंसियों को खुफिया सूचनाओं में से कार्रवाई के लायक सूचनाओं को लेकर 'स्मार्ट' रुख अपनाने की नसीहत भी दी.

बड़ी मछलियों को पकड़े : वित्त मंत्री ने डीआरआई अधिकारियों से अपराध के सरगनाओं पर नजर रखने का सुझाव देते हुए कहा कि अगर आप छोटी मछलियों को पकड़ते हैं तो कोई फायदा नहीं. बड़ी मछलियां वे हैं जो हमारी कई कार्रवाइयों से अछूती हैं. हमें पूरी तस्करी श्रृंखला, पूरी नापाक ऑपरेशन श्रृंखला को ट्रैक करके उस पर कार्रवाई करने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि डीआरआई को स्कूल, कॉलेज में नशीले पदार्थों की मौजूदगी को लेकर राज्य पुलिस अधिकारियों या राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय करने की जरूरत है ताकि उन्हें 'स्थिति की गंभीरता' समझाई जा सके.

वित्त मंत्री ने खुफिया आंकड़ों के विशाल भंडार पर तेजी से कार्रवाई करने के लिए बेहतर अंतर-एजेंसी समन्वय की बात भी कही. वित्त मंत्री ने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रणाली में और अधिक गहराई से अपनाना होगा. इसके साथ ही मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोगी भी बनानी होंगी. सीतारमण ने प्रभावी प्रवर्तन के लिए तीन बिंदुओं का उल्लेख करते हुए कहा कि नियमों को लिखित एवं लगातार लागू किया जाना चाहिए और धोखाधड़ी को तुरंत पकड़ा जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी का पता लगाने वाला मजबूत खुफिया ढांचा न केवल गलत काम करने वालों को पकड़ने के लिए बल्कि ईमानदार व्यापार के लिए सम्मान अवसर तैयार करने को भी आवश्यक है. केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत डीआरआई की स्थापना 1957 में की गई थी. इसका काम तस्करी, नाजायज पदार्थों और तस्करी एवं अवैध व्यापार का पता लगाना है.

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट

सेंसेक्स 636 अंक टूटा, 81,000 से नीचे

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 636 अंक टूट गया. विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार नीचे आया. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 636.24 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,737.51 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 798.66 अंक तक नीचे आ गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 174.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,542.50 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट में 2.42 प्रतिशत की गिरावट आई. अदाणी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों में गिरावट दर्ज की गई. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 2,8547 करोड़ रुपये के शेयर बेचे. विदेशी कोषों की लगातार पूंजी निकासी के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर तनाव और व्यापार समझौतों को लेकर अनिश्चितता जैसे कमजोर वैश्विक संकेतों से बाजारों पर दबाव बढ़ रहा है.

वैश्विक बाजार: एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे, जबकि जापान का निक्की नुकसान में रहा. दक्षिण कोरियाई बाजार अवकाश के कारण बंद रहे. यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख रहा, लेकिन अमेरिकी बहुत के साथ खुले.

कच्चा तेल: वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.28 प्रतिशत बढ़कर 64.81 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया.

रुपया रुपया बंद: अंतर्राष्ट्रीय विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 20 पैसे टूटकर 85.59 प्रति डॉलर पर बंद हुआ.

जेपी सीमेंट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही बरकरार

■ दिल्ली, न्यूज एजेंसियां. राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने कर्ज में डूबी जेपी सीमेंट के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को मंजूरी दे दी है. दिवाला अपील पीठ ने न्यायाधिकरण के इस संबंध में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण के पिछले आदेश को बरकरार रखा. एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने एनसीएलटी के आदेश के खिलाफ आलोक गौड़ की अपील को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कर्ज और चूक का मामला साबित हो चुका है. पीठ ने कहा कि दिवाला कार्यवाही शुरू करने के आदेश में उसे कोई गलती नहीं मिली.

10,000 करोड़ के वैश्विक राजस्व वाली कंपनियां होंगी पात्र

EV में विदेशी निवेश को बढ़ावा

सरकार ने घटाया आयात शुल्क

■ दिल्ली, न्यूज एजेंसियां. सरकार ने घरेलू ईवी उत्पादन में निवेश करने वाले विदेशी वाहन निर्माताओं के लिए आयात कर में भारी कमी करने का फैसला लिया है. ईवी की नई नीति को अधिसूचित कर दिया. योजना के तहत योग्यता और लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक के पास ऑटोमोटिव विनिर्माण से न्यूनतम 10,000 करोड़ रुपये का वैश्विक समूह राजस्व होना आवश्यक है. नई नीति के तहत आवेदन दाखिल करते समय वार्षिक वित्तीय विवरणों के आधार पर किसी कंपनी या उसके समूह की कंपनियों का अचल संपत्तियों में वैश्विक निवेश कम से कम 3,000 करोड़ रुपये होना चाहिए. नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और इंजीनियरिंग अनुसंधान और विकास पर किया गया खर्च इस योजना के अंतर्गत निवेश से संबंधित लाभ लेने के लिए पात्र होगा. जमीन पर किए गए खर्च पर विचार नहीं होगा. हालांकि मुख्य संयंत्र और उपकरणों की नई इमारतों को निवेश का हिस्सा माना जाएगा, बशर्ते यह प्रतिबद्ध निवेश के 10 फीसदी से अधिक न हो. योजना के तहत आवेदकों के लिए अनुमोदन पत्र जारी करने की तिथि से तीन वर्षों के भीतर न्यूनतम 25 फीसदी घरेलू मूल्य संवर्धन (डीवीए) प्राप्त करना होगा. पांच वर्षों के भीतर न्यूनतम 50% डीवीए प्राप्त करना होगा.

भारतीय बैंकों की गारंटी से मिलेगा समर्थन

विनिर्माण संयंत्र लगाने, डीवीए की प्राप्ति और योजना के तहत निर्धारित शर्तों के अनुपालन के लिए आवेदक की प्रतिबद्धता को भारत में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से गारंटी द्वारा समर्थित किया जाएगा. यह छोड़े जाने वाले कुल शुल्क के बराबर या 4,150 करोड़ रुपये, जो भी अधिक हो, के बराबर होगा. आवेदन आमंत्रित करने वाले नोटिस के जारी होने से आवेदन पाने की अवधि 120 दिन (या अधिक) की होगी. भारी उद्योग मंत्रालय को 15 मार्च, 2026 तक आवश्यकतानुसार आवेदन खिड़की खोलने का अधिकार होगा.

शेयर मार्केट

बीएसई	80,737.51	(▼ 636.24)
निफ्टी	24,542.50	(▼ 174.10)
निफ्टी IT	36,814.90	(▼ 246.95)
₹ $	85.59 (प्रति डॉलर)	
सोना स्टैंडर्ड (10 ग्राम)		चांदी (प्रति किलो)
नागपुर	97,200 (▲)	1,01,900 (▲)
मुंबई	97,100 (▲)	1,00,000 (▲)
कच्चा तेल	64.81 ($ प्रति बैरल)	

हुंडई ने ओला में बेची हिस्सेदारी

वाहन कंपनी हुंडई मोटर ने मंगलवार को खुले बाजार के लेनदेन के जरिये ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में अपनी पूरी 2.47 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी 552 करोड़ रुपये में बेच दी.

चांदी फिर एक लाख के पार

चांदी में 2700 रुपये का उछाल, सोना भी तेज

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. वैश्विक बाजारों में फिर तेजी मड़कने से स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना-चांदी फिर महंगे होने लगे हैं. रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध बढ़ने की आशंका में वैश्विक बाजारों में जोरदार तेजी आ गयी है. मंगलवार को 24 कैरेट सोना 190 रुपए की तेजी के साथ 96,870 रुपए प्रति दस ग्राम हो गया. जबकि 3% टैक्स (जीएसटी) के साथ सोना 99,775 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया. इससे पहले 22 अप्रैल 2025 को सोना 1,03,100 रुपये (जीएसटी सहित) के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचा था. सोने से अधिक चांदी में तेजी आई. सफेद कीमती धातु में 2700 रुपए का उछाल आया और दाम फिर से एक लाख रुपये के पार हो गए. मुंबई में चांदी की कीमत 1,00,460 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गयी. शुद्ध चांदी का मूल्य जीएसटी के साथ उछल कर 1,03,460 रुपए प्रति किलो हो गया. मुंबई में चांदी का अबतक का सर्वोच्च स्तर 1,04,000 रुपये का है, इस भाव पर चांदी 28 मार्च 2052 को बिकी थी. उधर, न्यूयॉर्क में चांदी का जुलाई वायदा भाव 120 सेंट यानी 3% उछल कर 34.60 डॉलर प्रति औंस हो गया. इससे पहले 27 मार्च 2025 को चांदी 35 डॉलर प्रति औंस पर बिकी थी. जबकि सोना का अगस्त वायदा भाव 60 डॉलर उछलकर 3370 डॉलर प्रति औंस हो गया. इससे पहले 22 अप्रैल को सोना 3,500 डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था.



रिजर्व बैंक करेगा रेपो रेट में बड़ी कटौती!

■ दिल्ली, न्यूज एजेंसियां. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की तरफ से जून महीने में रेपो रेट में बड़ी कटौती की जा सकती है. इस कटौती से जहां आम लोगों को फायदा होगा वहीं कर्ज की मांग में तेजी भी आएगी. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी ने अप्रैल की अपनी नीति में रुख को तटस्थ से बदलकर उदार करने का भी निर्णय लिया. इससे बैंकों को भी कर्ज बांटने में मदद मिलेगी.

क्यों जरूरी है ये बड़ा रेट कट : एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान समय में आर्थिक अनिश्चितताएं बनी हुई हैं और ऋण वितरण भी धीमी हो रही है. ऐसे में आरबीआई अगर ब्याज दरों में बड़ी कटौती करता है, तो इससे बैंकिंग सिस्टम में नई जान आ सकती है और लोगों को कर्ज लेना सस्ता हो जाएगा. अगर आरबीआई जून की पॉलिसी में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती करता है, तो यह पूरी मौद्रिक नीति चक्र में कुल 100 बेसिस प्वाइंट की कटौती की ओर पहला कदम हो सकता है.

बेसिलिक फ्लाई को 46 करोड़ का लाभ

मुंबई. बीएफएस कंपनी बेसिलिक फ्लाई स्टूडियो लिमिटेड (बीएफएस) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 306 करोड़ की कुल आय पर 45.60 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हासिल किया. कंपनी की आय में 189% और शुद्ध लाभ में 25% की वृद्धि हुई. ईपीएस 16 रुपये रही. बीएफएस के प्रबंध निदेशक बालाकृष्णन ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025 बीएफएस के लिए एक उपलब्धि वाला वर्ष रहा क्योंकि विदेशों में विस्तार कर अब हम एक वैश्विक क्रिएटिव पावरहाउस बन गए हैं.

KRN ने लगाया नया विनिर्माण संयंत्र

■ मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क. हीटिंग, वेंटिलेशन, एसी और रेफ्रिजरेशन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने देश-विदेश में अपने उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपनी विस्तार योजना पूर्ण कर ली है. केआरएन हीट की सहायक कंपनी केआरएन एक्सचेंजर्स प्रोडक्ट्स ने राजस्थान के नीमराना, अलवर में अपने नए विनिर्माण संयंत्र में वाणिज्यिक उत्पादन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है. केआरएन हीट एक्सचेंजर के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संतोष कुमार ने कहा कि यह रणनीतिक विकास केआरएन की व्यापक वृद्धि और क्षमता विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है. यह नया संयंत्र हीट एक्सचेंजर्स और एक्वीफ्रस्टी उत्पादों का निर्माण करेगा, जिससे कंपनी की विशेषीकृत उत्पाद श्रृंखला और भी मजबूत होगी.

कोयला ब्लॉक के लिए वन मंजूरी

दिल्ली. सरकार ने कहा कि मई में विभिन्न कोयला ब्लॉक से संबंधित तीन महत्वपूर्ण मंजूरियां दी गईं, जिसमें वन मंजूरी और खनन पट्टे को अंतिम रूप देना शामिल है.

प्रवेश सूचना

स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया, लक्ष्मीबाई नेशनल कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एसएआई-एलएनसीपीई) तिरुवनंतपुरम, केरल, शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान के क्षेत्र में अग्रणी संस्थानों में से एक है. हम शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीपीईई (4-वर्षीय नवाचार) और एमपीईएस कार्यक्रमों हेतु आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं. आवेदन 30 अप्रैल 2025 से 19 जून 2025 तक, शाम 6 बजे तक ऑनलाइन जमा किए जा सकते हैं.

परीक्षा केंद्र: एसएआई-एलएनसीपीई, तिरुवनंतपुरम; एलएनआईपीई, ग्वालियर एवं एलएनआईपीई-एनईआरसी, गुवाहाटी.

अधिक जानकारी के लिए कृपया www.lncpe.ac.in का अवलोकन करें. संपर्क नंबर: 0471-2412189, 2418712.

हस्ता./-
(प्राचार्य)
एसएआई-एलएनसीपीई

CBC 47115/12/0001/2526

मेकॉन लिमिटेड

(भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत मार्कजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
मुख्यालय: डोरंडा, रांची- 834002;
फोन: 0651-2483000
सीआईएन नं.: U74140JH1973GOI001199

रोजगार अधिसूचना

मेकॉन लिमिटेड को निम्नलिखित अनुभवी पेशेवरों की आवश्यकता है;

क्र. सं.	विज्ञापन सं.	नियोजन का प्रकार
1	11.73.4.5/2025/Cont/01 dated 28.05.2025	एक्टीफ्टी (संविनियुत) संविदा आधार पर
2	11.73.4.1/2025/ Cont / 03 dated 28.05.2025	एक्टीफ्टी आधार पर

अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के लिंक "careers" पर जाएँ।

नोट: इसके अलावा, इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र/संशोधन हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के "careers" खंड में अपलोड किया जाएगा।

CBC 40110/12/0005/2526

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

मनपा आर्किटेक्ट विभाग
फोन: 022-2495 7802 ईमेल: ma@mcgm.gov.in
मु.अभि./एम.ए./549/I, दि. 03.06.2025

लघु ई-निविदा सूचना

विभाग	मुख्य अभियंता (भवन अनुरक्षण)
उप-विभाग	मनपा आर्किटेक्ट
निविदा क्रमांक	2025 एमसीजीएम 1186514
विषय	एलटीएजी अस्पताल परिसर, प्लॉट क्रमांक 6(भाग), एफ/एन वॉर्ड, सायन, सायन मुंबई-400022 (फेज-II) में नर्सिंग कॉलेज बिल्डिंग के ऊपर नये आरएमओ क्वार्टर्स में प्रस्तावित पार्टीशन और इंटीरियर कार्य हेतु ठेकेदार की नियुक्ति.
निविदा बिक्री	04/06/2025 को प्रातः 11:00 बजे से 24/06/2025 को दोप. 03:00 बजे तक.
वेबसाइट	http://mahatenders.gov.in
संपर्क व्यक्ति	सब इंजीनियर (आर्किटेक्ट) डब्ल्यू/एस/ वॉर्ड. आर्किटेक्ट (डब्ल्यू/एस)
दूरभाष क्रमांक	7718962012 / 9004666456
ईमेल आईडी	se02arch.ma@mcgm.gov.in/ sgarch12.ce@mcgm.gov.in

हस्ता./-
(अपना भरें)
मनपा आर्किटेक्ट (प्रभारी)

पीआरओ/575/विज्ञा./2025-26

रिडेक्टियों के लिये जानिये और सावधानियों का इस्तेमाल करें

वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत/कॉर्पोरेट कार्यालय: बद्रालाल, सूट 'बी' तल मंजिल, केबले स्टेशनेरी स्पोल्स प्रा.लि. III, 229, गोपाल पंडित, मुंबई - 400021

इश्तहार डिफॉल्टरों के बारे में सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सामान्य तौर पर और विशेष रूप से कर्जदार, उनके भागीदारों और गारंटरों, जिनके नाम नीचे दिए गए हैं, को सूचित किया जाता है कि कर्जदार ने वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (डब्ल्यूएफएचएल) से ऋण सुविधा प्राप्त की थी और भुगतान में चूक कर दी है, जिसके चलते खाते को एनपीए घोषित किया गया है. इसके अलावा, कर्जदार, उसके भागीदारों और गारंटरों को डब्ल्यूएफएचएल द्वारा आरबीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार इश्तहार डिफॉल्टर घोषित किया गया है. कर्जदार, उसके भागीदारों और गारंटरों को डब्ल्यूएफएचएल से वो नई ऋण सुविधा की शर्तों के साथ दिनांक 03 जून 2025 तक की नकदी राशि रु. 9,33,98,878/- (रुपये की करीब तैंतीस लाख अड़ानवे हजार आठ सौ अठहत्तर मात्र) और उस पर भुगतान की तिथि तक का ब्याज अदा करना आवश्यक है. अतः, कार्यालय हित में सूचित और आगाह किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति कर्जदार, उसके भागीदारों और गारंटरों को संपत्ति/आस्तियों से कोई लेन-देन न करे, क्योंकि उनसे पकाया राशि की वसूली की जाती है.

क्र. सं.	कर्जदार/गारंटर का नाम और उनका पता	कर्जदार/ गारंटर के छायाचित्र
1	कर्जदार : मेसर्स मैजिक होम्स फ्लैट नं. 27, बिल्डिंग नं. 27, प्रति प्लाजा, प्रति पार्क, मीरा रोड (पूर्व), ठाणे – 401107	
2	भागीदार: श्री अखिलेश सिंह पिता का नाम: श्री रामप्रकाश सिंह फ्लैट क्रमांक 405, 4थी मंजिल, ए विंग, होता टावरफाउंडेशन, विक्रम नगर, मिरा रोड, मीरा रोड, नवघर (पश्चिम), मुंबई - 400064.	
3	भागीदार: श्री विक्रम प्रताप सिंह पिता का नाम: रामपति चंद्रभानी सिंह सी-8/604, यूनिक हाइटस सोएसाइटस, पुनम गार्डन, मीरा भाईंदर रोड, एलके स्टोन पुलिस स्टेशन के सामने, मीरा रोड (पूर्व), ठाणे – 401107.	
4	भागीदार: श्री ब्रीजेश सिंह पिता का नाम: श्री रामपति चंद्रभानी सिंह ए-6/702, यूनिक हाइटस सोएसाइटस, पुनम गार्डन, मीरा भाईंदर रोड, एलके स्टोन पुलिस स्टेशन के सामने, मीरा रोड (पूर्व), ठाणे – 401107.	
5	भागीदार: श्री भारतभाई काले पिता का नाम: श्री माधव तुकाराम काले फ्लैट क्रमांक 203, 9वे पुष्पा चॉम्पियन्स, शांति पार्क, मीरा रोड (पूर्व), ठाणे – 401107.	
6	व्यक्तिगत गारंटर: श्री जीतेन समंतराव इंगोले पिता का नाम: श्री समंतराव इंगोले महिला चेंबरसटी, वेलनाके हाइटस, तांबे नगर, बनावडी, पुणे, महाराष्ट्र – 413102.	
7	व्यक्तिगत गारंटर: श्री राजेंद्र समंतराव इंगोले पिता का नाम: श्री समंतराव इंगोले हीन पार्क, आहुरा-रोड, बायपास, पुणे, महाराष्ट्र – 413102.	

हस्ता./-
अधिकृत हस्ताक्षरी
वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

दिनांक: 03 जून 2025
स्थान: मुंबई, महाराष्ट्र

वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत/कॉर्पोरेट कार्यालय: बद्रालाल, सूट 'बी' तल मंजिल, केबले स्टेशनेरी स्पोल्स प्रा.लि. III, 229, गोपाल पंडित, मुंबई - 400021

कब्जा सूचना

वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा, निम्नलिखित कर्जदारों के कर्जदाता एवं गारंटरों तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (54 सन् 2002) (अधिनियम) प्रवर्तन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के (नियम 3) के साथ पठित धारा 13 (12) अंतर्गत प्रदत्त शक्ति का अधिकारों के अनुपालन में दिनांक 28 मार्च 2025 को डिमांड नोटिस जारी करते हुए, कर्जदार - मेसर्स मैजिक होम्स और उसके भागीदार - श्री अखिलेश सिंह, श्री विक्रम प्रताप सिंह, श्री ब्रिजेश सिंह, श्री भारतभाईसंग महादेव काले और गारंटर - श्री जीतेन समंतराव इंगोले तथा श्री राजेंद्र समंतराव इंगोले को संपूर्ण रुपए से और उसका भुगतान की तिथि तक रु. 9,33,98,878/- (रुपये नौ करोड़ तैंतीस लाख अड़ानवे हजार आठ सौ अठहत्तर मात्र) पर 03 जून 2025 को बकाया है, के साथ 1.00% के ब्याज, दंडात्मक ब्याज, खर्चे और अन्य देय राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया था. कर्जदार, गारंटर और जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक 03 जून 2025 को निर्गत अधिनियम के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13 (4) अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्ति एवं अधिकारों के अनुसरण में निम्नलिखित विवरण में विवरित संपत्ति का कब्जा ले लिया है.

कर्जदार - मेसर्स मैजिक होम्स और उसके भागीदार - श्री अखिलेश सिंह, श्री विक्रम प्रताप सिंह, श्री ब्रिजेश सिंह, श्री भारतभाईसंग महादेव काले और गारंटर - श्री जीतेन समंतराव इंगोले और श्री राजेंद्र समंतराव इंगोले

गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का विवरण

1 मैजिक ग्रीन सिटी (विंग ए से एल में 405 अपार्टमेंट फ्लैट) सर्वे नंबर 209/1/5/6, (पुराना सर्वे नंबर 209/1/5/5-6), खसरा नंबर के समने, संतोष नगर, अंबन्ना-पोरवाल पीठ, कल्याण, तालुका-कल्याणी, जिला-पुणे-413102, महाराष्ट्र, संपत्ति का क्षेत्रफल मेजरी सीमित होगा

विंग ए - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	तहत	एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(2बीएचके)	920
502	602	702	(2बीएचके)	920
503	603	703	(2बीएचके)	920
504	604	704	(2बीएचके)	920
विंग बी - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	तहत	एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(1बीएचके)	675
502	602	702	(1बीएचके)	675
503	603	703	(1बीएचके)	675
504	604	704	(1बीएचके)	675
विंग सी - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.		एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(1बीएचके)	675
502	602	702	(1बीएचके)	675
503	603	703	(1बीएचके)	675
504	604	704	(1बीएचके)	675
विंग डी - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.		एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(2बीएचके)	920
502	602	702	(2बीएचके)	920
503	603	703	(2बीएचके)	920
504	604	704	(2बीएचके)	920
विंग ई - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.		एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(2बीएचके)	920
502	602	702	(2बीएचके)	920
503	603	703	(2बीएचके)	920
504	604	704	(2बीएचके)	920
विंग एफ - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.		एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(1बीएचके)	675
502	602	702	(1बीएचके)	675
503	603	703	(1बीएचके)	675
504	604	704	(1बीएचके)	675
विंग एल - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.		एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(1बीएचके)	675
502	--	702	(1बीएचके)	675
503	603	703	(1बीएचके)	675
504	604	704	(1बीएचके)	675
विंग एम - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.		एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(1बीएचके)	675
502	602	702	(1बीएचके)	675
503	603	703	(1बीएचके)	675
504	604	704	(1बीएचके)	675
विंग एन - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.		एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(1बीएचके)	675
502	602	702	(1बीएचके)	675
503	603	703	(1बीएचके)	675
504	604	704	(1बीएचके)	675
विंग एफ - कुल 12 फ्लैट्स (मैजिक ग्रीन सिटी)				
फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.	फ्लैट क्र.		एरिया (वर्ग फीट)
501	601	701	(1बीएचके)	675
502	602	702	(1बीएचके)	675
503	603	703	(1बीएचके)	675
504	604	704	(1बीएचके)	675
विंग अमई	विंग जे	विंग के	(मैजिक ग्रीन सिटी)	
701	--	701	(1बीएचके)	675
--	702	702	(1बीएचके)	675
703	--	703	(1बीएचके)	675
704	704	704	(1बीएचके)	675
3 फ्लैट्स	3 फ्लैट्स	4 फ्लैट्स		
विंग एल		एरिया	(मैजिक ग्रीन सिटी)	
फ्लैट नं.		(वर्ग फीट)	(1बीएचके)	675
704	(2बीएचके)	920	(1बीएचके)	675

2. महाराष्ट्र इंडोर, तलुजा - महाराष्ट्र, जिला - पुणे 413102, महाराष्ट्र में प्रति गज, अर्थ क्र. 274/4/बी (पुराना सर्वे क्र. 274/4/2) स्थित फर्नीचर के साथ संरचना बिल्डिंग, स्थानीय पंचायत - श्री पंचित पंचायत इंडोर.

दिनांक: 03 जून 2025
समय: प्रातः 11:00 बजे
स्थान: मुंबई, महाराष्ट्र

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
वेस्ट एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

कयर बोर्ड
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
75 Years of Constitution

बोर्ड के चार विभिन्न केंद्रों में कयर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

कयर प्रौद्योगिकी में कारीगर का छह महीने का सर्टिफिकेट कोर्स: एनएसक्यूएफ स्तर 3
(6 महीने + 1 महीने की इंटर्नशिप) (जुलाई से दिसंबर 2025 तक)
आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 19.06.2025

चयनित प्रशिक्षु 3000/- रुपये प्रति माह वृत्तिका के लिए पात्र होंगे

- आयु: 18 से 50 वर्ष के बीच।
- पंजीकरण एवं लाइसेंसिंग नियम 1958 के अनुसार कयर फैक्ट्री/कयर सहकारी सोसाइटीयों द्वारा प्रायोजित उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाती है।
- 20